www.prepp.in

Name & Signature of the Invigilator

.......................................................

.......................................................

# HINDI

## PAPER – II

## CODE-05

OMR Answer Sheet No. : 

Roll No. : 

(in figures as in Hall Ticket)

Roll Number in words : .......................................

.......................................................................

Question Booklet Sl. No. 051117

Time : 2 Hours]  No. of Printed Pages : 16  [Maximum Marks : 200

### Instructions for the Candidates

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **one hundred (100)** multiple choice type of questions. **All** questions are compulsory.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker seal and do not accept an open booklet.
   (ii) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Answer Sheet and the OMR Answer Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example:** (A) ● (C) (D) where (B) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated on the OMR Answer Sheet under Paper – II only. If you mark your response at any place other than in the oval in the OMR Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
7. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
8. You have to return the original OMR Answer Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Answer Sheet on conclusion of examination.
9. Use only Blue/Black Ball point pen.
10. Use of any calculator or any electronic devices or log table etc., are prohibited.
11. There shall be no negative marking.

### પરીક્ષાર્થીઓ માટે સૂચનાઓ

1. આ પાનાની ટોચ પર દર્શાવેલી જગ્યામાં તમારો રોલ નંબર લખો.
2. આ પ્રશ્નપત્રમાં બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવતા સો (૧૦૦) પ્રશ્નો આપેલા છે. બધા જ પ્રશ્નો ફરજિયાત છે.
3. પરીક્ષાની શરૂઆતમાં આપને પ્રશ્નપુસ્તિકા આપવામાં આવશે. પ્રથમ પાંચ (૫) મિનિટ દરમ્યાન તમારે પ્રશ્નપુસ્તિકા ખોલી અને ફરજિયાતપણે નીચે મુજબ પરીક્ષણ કરવું :
   (i) પ્રશ્નપુસ્તિકાનો વપરાશ કરવા માટે આ કવર પૃષ્ઠની ધાર પર આપેલ સીલ સ્ટીકર ફાડી નાખો. કોઈપણ સંજોગોમાં સીલ સ્ટીકર વગરની કે ખુલ્લી પ્રશ્નપુસ્તિકા સ્વીકારશો નહીં.
   (ii) કવર પૃષ્ઠ પર છપાયેલ નિર્દેશાનુસાર પ્રશ્નપુસ્તિકાના પ્રશ્નો, પૃષ્ઠો અને સંખ્યાને બરાબર ચકાસી લો. ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા કે જેમાં પ્રશ્નો/ પૃષ્ઠો ઓછાં હોય, બે વાર છપાયા હોય, અનુક્રમમાં અથવા અન્ય કોઈ ફરક હોય અર્થાત કોઈપણ સંજોગોમાં ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા સ્વીકારશો નહીં. અને જો ખામીયુક્ત પ્રશ્નપુસ્તિકા મળી હોય તો નિરીક્ષક પાસેથી તુરંત જ બીજી સારી પ્રશ્નપુસ્તિકા મેળવી લેવી. આ માટે ઉમેદવારને પાંચ (૫) મિનિટનો સમયગાળો આપવામાં આવશે. પછીથી, પ્રશ્નપુસ્તિકા બદલવામાં આવશે નહીં કે કોઈ વધારાનો સમયગાળો આપવામાં આવશે નહીં.
   (iii) આ ચકાસણી સમાપ્ત થાય પછી, પ્રશ્નપુસ્તિકાનો નંબર OMR જવાબ પત્રક પર લખવો અને OMR જવાબ પત્રકનો નંબર પ્રશ્નપુસ્તિકા પર લખવો.
4. પ્રત્યેક પ્રશ્ન માટે ચાર જવાબ વિકલ્પ (A), (B), (C) અને (D) આપવામાં આવેલ છે. તમારે સાચા જવાબના ઓવલ (oval) ને નીચે આપેલ ઉદાહરણ મુજબ પેનથી ભરીને સંપૂર્ણ કાળું કરવાનું રહેશે.

   **ઉદાહરણ** : (A) ● (C) (D) કે જ્યાં (B) સાચો જવાબ છે.
5. આ પ્રશ્નપુસ્તિકાના પ્રશ્નોના જવાબ અલગથી આપવામાં આવેલ OMR જવાબ પત્રકમાં પેપર-II લખેલ વિભાગમાં જ અંકિત કરવા. જો આપ OMR જવાબ પત્રકમાં આપેલ ઓવલ (oval) સિવાય અન્ય સ્થાને જવાબ અંકિત કરશો તો તે જવાબનું મૂલ્યાંકન કરવામાં આવશે નહીં.
6. કાચું કામ (Rough work) પ્રશ્નપુસ્તિકાના અંતિમ પૃષ્ઠ પર કરવું.
7. જો આપ OMR જવાબ પત્રક નિયત જગ્યા સિવાય અન્ય કોઈપણ સ્થાને, આપનું નામ, રોલ નંબર, ફોન નંબર અથવા એવું કોઈ ચિહ્ન કે જેનાથી તમારી ઓળખ થઈ શકે, અંકિત કરશો અથવા અભદ્ર ભાષાનો પ્રયોગ કરો, અથવા અન્ય કોઈ અનુચિત સાધનોનો ઉપયોગ કરો, જેમકે અંકિત કરી દીધેલ જવાબ ભૂંસી નાખવો કે સફેદ શાહીનો ઉપયોગ કરી બદલશો તો આપને પરીક્ષા માટે અયોગ્ય જાહેર કરવામાં આવશે.
8. પરીક્ષા સમય પૂરો થઈ ગયા બાદ ઓરીજીનલ OMR જવાબ પત્રક જે તે નિરીક્ષકને ફરજિયાત સોંપી દેવું અને કોઇ પણ સંજોગોમાં તે પરીક્ષા ખંડની બહાર લઈ જવું નહીં. પરીક્ષા પૂર્ણ થયા બાદ ઉમેદવાર ઓરીજીનલ પ્રશ્નપુસ્તિકા અને OMR જવાબ પત્રકની ડુપ્લિકેટ કોપી પોતાની સાથે લઈ જઈ શકે છે.
9. માત્ર કાળી / ભૂરી બોલ પોઈન્ટ પેન વાપરવી.
10. કેલ્ક્યુલેટર,લોગ ટેબલ અને અન્ય ઈલેક્ટ્રોનિક યંત્રોનો ઉપયોગ કરવાની મનાઈ છે.
11. ખોટા જવાબ માટે નકારાત્મક ગુણાંકન પ્રથા નથી.

Prepp⁺ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

DO NOT WRITE HERE

Your Personal Exam Guide

Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams
1 Year Full Access
50,000+ Mock tests
10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# HINDI
## Paper – II

1. संविधान लागू होने से पंद्रह वर्ष तक अंग्रेज़ी का प्रयोग जारी रखने का उल्लेख, संविधान के किस अनुच्छेद में है ?
   (A) अनु. 343 (B) अनु. 344 (C) अनु. 350 (D) अनु. 351

2. देवनागरी लिपि मूलत: क्या है ?
   (A) वर्णनात्मक (B) अक्षरात्मक (C) चित्रात्मक (D) प्रतीकात्मक

3. उत्तर भारत की खड़ी बोली हिन्दी दक्षिण भारत में किस रूप में विकसित हुई ?
   (A) हिन्दवी (B) परिनिष्ठित हिन्दी (C) दक्कनी हिन्दी (D) दक्कनी उर्दू

4. 'रसोईघर' में कौन-सा समास है ?
   (A) द्विगु समास (B) बहुव्रीहि समास
   (C) अव्ययीभाव समास (D) तत्पुरुष समास

5. 'केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय' का मुख्यालय कहाँ है ?
   (A) आगरा (B) नई दिल्ली (C) गुवाहाटी (D) हैदराबाद

6. 'च', 'छ', 'ज' ध्वनियों का उच्चारण स्थान इनमें से क्या है ?
   (A) दंत्य (B) ओष्ठ्य (C) तालव्य (D) कण्ठ्य

7. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सिद्धों के विद्यापीठ के रूप में सही है ?
   (A) तक्षशिला – वल्लभी (B) नालंदा – तक्षशिला
   (C) तक्षशिला – विक्रमशिला (D) नालंदा – विक्रमशिला

8. 'हिन्दी-काव्यधारा' के सम्पादक हैं
   (A) पं. हरप्रसाद शास्त्री (B) प्रबोधचंद बागची
   (C) राहुल सांकृत्यायन (D) पीतांबरदत्त बड़थ्वाल

9. इनमें से कौन-सा युग्म भाषा और छंद के संबंध की दृष्टि से सही नहीं है ?
   (A) प्राकृत – कवित्त (B) अपभ्रंश – दोहा
   (C) ब्रजभाषा – कवित्त और सवैया (D) अवधी – बरवै

10. 'मंगलकाव्य' किस सामाजिक संस्कार से सम्बद्ध काव्य है ?
    (A) जन्म संस्कार (B) मुण्डन संस्कार (C) यज्ञोपवीत संस्कार (D) विवाह संस्कार



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

Prepp
Your Personal Exams Guide

11. 'विद्यापति को कृष्ण भक्तों की परंपरा में न समझना चाहिए ।' यह मत है

(A) बाबूराम सक्सेना
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) शिवप्रसाद सिंह
(D) सुभद्रा झा

12. निम्नलिखित कवियों से उनकी काव्य-पंक्तियों को सुमेलित कीजिए और उन पर आधारित कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. नामदेव | 1. साईं के सब जीव हैं कीरी कुंजर दोय । |
| b. दादू दयाल | 2. थावर जंगम, कीट पतंगा पूरि रह्यो हरिराई । |
| c. रैदास | 3. भाई रे ! ऐसा पंथ हमारा । |
| d. कबीर | 4. हिन्दू पूजै देहुरा, मुसलमान मसीत । |

**कूट :**

(A) a – 4, b – 3, c – 2, d – 1
(B) a – 1, b – 2, c – 4, d – 3
(C) a – 2, b – 3, c – 1, d – 4
(D) a – 3, b – 4, c – 1, d – 2

13. 'तुम्ह जिनि जानौ गीत है, यह निज ब्रह्म विचार' काव्य-पंक्ति इनमें से किस कवि की है ?

(A) रामानंद
(B) नामदेव
(C) कबीर
(D) नानक

14. जम्भनाथ इनमें से किस सम्प्रदाय के प्रवर्तक थे ?

(A) रामसनेही सम्प्रदाय
(B) चरणदासी सम्प्रदाय
(C) जसनाथी सम्प्रदाय
(D) विश्नुई सम्प्रदाय

15. 'औ मन जानि कवित अस कीन्हा ।
मकु यह रहै जगत मँह चीन्हा ।।' यह काव्य-पंक्ति इनमें से किसकी है ?

(A) कुतुबन
(B) मंझन
(C) जायसी
(D) मुल्ला दाउद

16. 'कबीर धर्मगुरु थे । इसलिए उनकी वाणियों का आध्यात्मिक रस ही आस्वाद्य होना चाहिए ।' कथन है

(A) श्यामसुंदर दास
(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल
(D) माताप्रसाद गुप्त

Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams
1 Year Full Access
50,000+ Mock tests
10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17.** निम्नलिखित काव्य-कृतियों से उनके रचनाकारों को सुमेलित कीजिए और इन पर आधारित कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. सत्यवती | 1. मंझन |
| b. मधुमालती | 2. नारायणदास |
| c. छिताईवार्ता | 3. शेखनवी |
| d. ज्ञानदीप | 4. ईश्वरदास |

**कूट :**

(A) a – 4, b – 1, c – 2, d – 3

(B) a – 3, b – 2, c – 4, d – 1

(C) a – 1, b – 3, c – 2, d – 4

(D) a – 2, b – 4, c – 1, d – 3

**18.** 'पद्मिनी के रूप का जो वर्णन जायसी ने किया है, वह पाठक को सौन्दर्य की लोकोत्तर भावना में मग्न करने वाला है ।' कथन है

(A) राजबली पाण्डेय
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) विजयदेवनारायण साही
(D) शिवसहाय पाठक

**19.** गोस्वामी तुलसीदास की 'सर्वतोन्मुखी प्रतिभा ने भाषाकाव्य की सारी प्रचलित पद्धतियों के बीच अपना चमत्कार दिखाया ।' यह कथन इनमें से किस आलोचक का है ?

(A) ग्रियर्सन
(B) रमेशकुंतल मेघ
(C) विश्वनाथ त्रिपाठी
(D) रामचन्द्र शुक्ल

**20.** 'सूर कवित्त सुनि कौन कवि जो नहिं सिर चालन करे ।' यह उक्ति इनमें से किसकी है ?

(A) विट्ठलनाथ
(B) गोकुलनाथ
(C) नाभादास
(D) प्रियादास

**21.** अष्टछाप के संस्थापक इनमें से कौन थे ?

(A) वल्लभाचार्य
(B) विट्ठलनाथ
(C) गोकुलनाथ
(D) पूरनमल खत्री

**22.** 'भ्रमरगीत जैसा सुंदर उपालंभ भव्य और कहीं नहीं मिलता ।' यह कथन इनमें से किस आलोचक का है ?

(A) मैनेजर पाण्डेय
(B) नंददुलारे वाजपेयी
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

**23.** रामचरितमानस के रामराज्य में इनमें से कौन-सी विशेषता नहीं है ?

(A) आर्थिक-सामाजिक समानता
(B) दैहिक-दैविक-भौतिक कष्टों का नाश
(C) ऋतु के अनुरूप प्रकृति का फूलना-फलना
(D) स्वधर्म का पालन करना

[redacted]

Prepp+ Subscription
Only ~~(₹999)~~ ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

24. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना पद्माकर की नहीं है ?
(A) पद्माभरण
(B) जगद्विनोद
(C) प्रबोध पचासा
(D) अन्योक्ति कल्पद्रुम

25. 'तो पर वारौ उरबसी सुनि राधिके सुजान ।
तू मोहन के उर बसी हवै उरबसी समान ।।' में कौन-सा अलंकार है ?
(A) यमक
(B) रूपक
(C) उत्प्रेक्षा
(D) अतिशयोक्ति

26. निम्न में से रीतिकाल का कौन-सा ग्रंथ सर्वांग निरूपक नहीं है ?
(A) कविकुल कल्पतरु
(B) रस रहस्य
(C) शृंगार निर्णय
(D) काव्य निर्णय

27. इनमें से कौन-सा संस्कृत ग्रंथ 'सूर सागर' का आधार ग्रंथ है ?
(A) हरिवंश पुराण
(B) विष्णु पुराण
(C) श्री मद्भागवत्पुराण
(D) श्री मद्भागवत् गीता

28. हिन्दुस्तानी में पुस्तक-रचना को प्रोत्साहित करने वाले अंग्रेज़ अध्यापक गिलक्राईस्ट इनमें से किस संस्था से जुड़े थे ?
(A) कलकत्ता साहित्य परिषद
(B) आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय
(C) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(D) फोर्ट विलियम कालेज

Prepp Your Personal Exam Guide

29. 'ब्राह्मण' पत्र के संपादक इनमें से कौन थे ?
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(B) बालकृष्ण भट्ट
(C) प्रताप नारायण मिश्र
(D) बालमुकुंद गुप्त

30. आधुनिक हिन्दी का प्रसिद्ध रामकाव्य इनमें से कौन-सा है ?
(A) कामायनी
(B) उर्वशी
(C) प्रियप्रवास
(D) साकेत

31. 'तद्भव' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से होता है ?
(A) वाराणसी
(B) इलाहाबाद
(C) लखनऊ
(D) दिल्ली

32. कामायनी का प्रकाशन वर्ष इनमें से क्या है ?
(A) 1936 ई.
(B) 1920 ई.
(C) 1926 ई.
(D) 1916 ई.

33. जयशंकर प्रसाद की किस रचना को स्मृतिकाव्य माना जाता है ?
(A) कामायनी
(B) आँसू
(C) प्रेमपथिक
(D) झरना

[redacted]

Prepp+ Subscription
Only ~~(₹999)~~ ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

34. छायावाद को इनमें से किसने 'छायावाद' नाम दिया ?

(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) नगेन्द्र
(C) मुकुटधर पाण्डेय
(D) नंददुलारे वाजपेयी

35. 'खुल गए छंद के बंधन' कथन इनमें से किसका है ?

(A) सुमित्रानंदन पंत
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) रामधारी सिंह दिनकर
(D) महादेवी वर्मा

36. सुमित्रानंदन पंत इनमें से किस दर्शन से सर्वाधिक प्रभावित थे ?

(A) गाँधी दर्शन
(B) अम्बेडकर दर्शन
(C) अरविन्द दर्शन
(D) मार्क्सवादी दर्शन

37. निराला की पहली कविता इनमें से कौन-सी है ?

(A) जागो फिर एक बार
(B) राम की शक्ति पूजा
(C) कुकुरमुत्ता
(D) जूही की कली

38. 'रश्मिरथी' का नायक कौन है ?

(A) अर्जुन
(B) कर्ण
(C) कृष्ण
(D) दुर्योधन

39. इनमें से अज्ञेय को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था ?

(A) कितनी नावों में कितनी बार
(B) असाध्य वीणा
(C) कलगी बाजरे की
(D) हरी घास पर क्षण भर

40. 'केदारनाथ अग्रवाल टिमटिमाती लालटेन के नहीं, उगते सूरज के कवि हैं ।' यह कथन किसका है ?

(A) नगेन्द्र
(B) नामवर सिंह
(C) रामविलास शर्मा
(D) मैनेजर पाण्डेय

41. 'अकाल में सारस' काव्य संग्रह के रचनाकार कौन है ?

(A) केदारनाथ सिंह
(B) केदारनाथ अग्रवाल
(C) राजकमल चौधरी
(D) त्रिलोचन

42. 'व्यक्तित्व वह कोमल स्फटिक प्रासाद-सा
प्रासाद में जीना
व जीने की अकेली सीढ़ियाँ
चढ़ना बहुत मुश्किल रहा ।'

उपरोक्त पंक्तियाँ इनमें से किसकी है ?

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) महादेवी वर्मा
(C) अज्ञेय
(D) मुक्तिबोध

[redacted]

Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams
1 Year Full Access
50,000+ Mock tests
10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

Prepp
Your Personal Exams Guide

43. 'धूमिल' की कौन-सी कविता बातचीत की शैली में पेशे से जुड़े हुए आदमी का एकालाप है ?

(A) अकाल दर्शन (B) मोचीराम (C) रोटी और संसद (D) नक्सल बाड़ी

44. निम्नलिखित ग्रंथों का सही कालानुक्रम दिये गये कूट से चुनिए ।

1. काव्यप्रकाश
2. ध्वन्यालोक
3. चन्द्रालोक
4. वक्रोक्ति जीवितम्

**कूट :**

(A) 2, 4, 1, 3 (B) 1, 2, 3, 4
(C) 2, 1, 4, 3 (D) 4, 3, 1, 2

45. 'काव्यं तु जायते जातु कस्यचित् प्रतिभावत:' कथन इनमें से किस आचार्य का है ?

(A) मम्मट (B) रुद्रट (C) दण्डी (D) भामह

46. निम्नलिखित में से किसके अन्तर्गत 'रस ध्वनि' की गणना की गयी है ?

(A) लक्षणामूला ध्वनि (B) अर्थान्तर संक्रमितवाच्य ध्वनि
(C) असंलक्ष्यक्रमवाच्य ध्वनि (D) संलक्ष्यक्रमवाच्य ध्वनि

47. इनमें से 'अलंकार ध्वनि' ध्वनि के किस प्रकार के अन्तर्गत परिगणित है ?

(A) संलक्ष्यक्रमवाच्य ध्वनि (B) असंलक्ष्यक्रमवाच्य ध्वनि
(C) अत्यंततिरस्कृतवाच्य ध्वनि (D) अर्थान्तरसंक्रमितवाच्य ध्वनि

48. निम्न में से कौन-सी पुस्तक प्लेटो की नहीं है ?

(A) रिपब्लिक (B) फिबेलुस
(C) लॉज (D) पोएटिक्स

49. नयी समीक्षा में 'विरोधाभास सिद्धान्त' में प्रमुख पुरस्कर्ता हैं

(A) सर विलियम एम्पसन (B) राबर्ट पेन वारेन
(C) टिलियर्ड (D) लायोनल ट्रिलिंग

50. 'दि एण्ड ऑफ मैन' पुस्तक के लेखक हैं

(A) जॉक देरिदा (B) ज्यां पॉल सार्त्र
(C) ऐलाबार्थ (D) कामू

Prepp⁺ Subscription
Only ~~(₹999)~~ ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

51. टी. एस. इलियट के परंपरा सिद्धांत के बारे में इनमें से कौन-सा कथन गलत है ?
(A) परंपरा निरपेक्ष कवि का मूल्यांकन अपूर्ण है ।
(B) परंपरा गतिशील होती है ।
(C) परंपरा अर्जित की जाती है ।
(D) परंपरा का वर्तमान से कोई संबंध नहीं है ।

52. वर्ड्सवर्थ की काव्यभाषा के बारे में इनमें से कौन-सा कथन गलत नहीं है ?
(A) काव्यभाषा और गद्यभाषा में तात्विक भेद नहीं है ।
(B) काव्यभाषा का मूलाधार जन साधारण की भाषा है ।
(C) काव्यभाषा का स्वरूप भव्य एवं परिनिष्ठित होता है ।
(D) वर्ड्सवर्थ काव्यभाषा के संबंध में नव्य काव्यशास्त्रियों की धारणा के समर्थक हैं ।

53. इनमें से कौन-सा युग्म सही है ?
(A) नई कविता के प्रतिमान – जगदीश गुप्त
(B) नई कविता : शक्ति और सीमा – गिरिजाकुमार माथुर
(C) नई कविता का आत्मसंघर्ष और अन्य निबंध – रघुवंश
(D) नयी कविता का परिप्रेक्ष्य – परमानंद श्रीवास्तव

Prepp Your Personal Exam Guide

54. हिन्दी आलोचना कृतियों का सही युग्म नहीं है
(A) रसमीमांसा – रामचंद्र शुक्ल
(B) वाङ्मय विमर्श – विश्वनाथप्रसाद तिवारी
(C) हिन्दी जाति का साहित्य – रामविलास शर्मा
(D) साहित्य और इतिहास दृष्टि – मैनेजर पाण्डेय

55. 'मार्क्स, गाँधी एण्ड सोशलिज्म' के लेखक इनमें से कौन हैं ?
(A) भीमराव अम्बेडकर
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) राममनोहर लोहिया
(D) नामवर सिंह

56. 'द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद' का सम्बन्ध इनमें से किस विचारधारा से है ?
(A) गाँधीवादी विचारधारा
(B) मार्क्सवादी विचारधारा
(C) अम्बेडकरवादी विचारधारा
(D) मनोविश्लेषणवादी विचारधारा

57. जॉन गिलक्राईस्ट 'फोर्ट विलियम कालेज' में किस विभाग में प्रोफेसर थे ?
(A) हिन्दी विभाग
(B) उर्दू विभाग
(C) अंग्रेज़ी विभाग
(D) हिन्दुस्तानी विभाग

[redacted]

Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams
1 Year Full Access
50,000+ Mock tests
10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in
Your Personal Exams Guide

**58.** 'अछूत की शिकायत' कविता इनमें से किस कवि की है ?

(A) हीरा डोम
(B) ओमप्रकाश वाल्मीकि
(C) नागार्जुन
(D) जयप्रकाश कर्दम

**59.** वैयक्तिक स्वच्छंदता का सर्वाधिक समर्थन इनमें से कौन-सा वाद करता है ?

(A) मार्क्सवाद
(B) मनोविश्लेषणवाद
(C) अस्तित्ववाद
(D) रूसी रूपवाद

**60.** 'प्रगतिशील लेखक संघ' का प्रथम अधिवेशन कहाँ हुआ था ?

(A) दिल्ली
(B) लखनऊ
(C) कलकत्ता
(D) काशी

**61.** निम्नलिखित पुरुष पात्रों का मिलान उनके उपन्यासों से करें और दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए ।

| | |
|---|---|
| a. तुवर मिलिंद | 1. मैला आँचल |
| b. बामनदास | 2. शेखर : एक जीवनी |
| c. बद्री पहलवान | 3. रागदरबारी |
| d. बाबा मदन सिंह | 4. बाणभट्ट की आत्मकथा |

**कूट :**

(A) a – 4, b – 1, c – 3, d – 2
(B) a – 2, b – 4, c – 1, d – 3
(C) a – 1, b – 3, c – 2, d – 4
(D) a – 3, b – 2, c – 4, d – 1

**62.** पत्रात्मक प्रविधि में लिखा गया पहला उपन्यास माना जाता है

(A) विधवा के पत्र
(B) प्रेम की पीड़ा
(C) अछूत के पत्र
(D) चन्द हसीनों के खतूत

**63.** 'गर्मराख', 'गिरती दीवारें', 'पत्थर अल पत्थर' किस रचनाकार के उपन्यास है ?

(A) भगवतीचरण वर्मा
(B) उपेन्द्रनाथ अश्क
(C) ऋषभचरण जैन
(D) लक्ष्मीनारायण लाल

**64.** 'उपसंहार' किस विधा की रचना है ?

(A) नाटक
(B) आत्मकथा
(C) संस्मरण
(D) उपन्यास

**65.** 'झीनी झीनी बीनी चदरिया' किस शहर पर केन्द्रित उपन्यास है ?

(A) इलाहाबाद
(B) बनारस
(C) लखनऊ
(D) मिर्ज़ापुर

Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

Prepp
Your Personal Exams Guide

66. 'परीक्षा गुरु' उपन्यास का लेखन इनमें से किस रूप में किया गया है ?

(A) अध्याय (B) परिच्छेद (C) प्रकरण (D) अंक

67. 'तपोभूमि' इनमें से किन लेखकों द्वारा संयुक्त रूप से लिखित उपन्यास है ?

(A) जैनेन्द्र कुमार और ऋषभचरण जैन

(B) भगवती प्रसाद वर्मा और शम्भुदयाल सक्सेना

(C) मन्नु भंडारी और राजेन्द्र यादव

(D) रवीन्द्र कालिया और ममता कालिया

68. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए और दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए ।

| | |
|---|---|
| a. देहाती दुनिया | 1. विश्वम्भरनाथ शर्मा |
| b. सत्याग्रह | 2. जयशंकर प्रसाद |
| c. भिखारिणी | 3. ऋषभचरण जैन |
| d. तितली | 4. शिवपूजन सहाय |

कूट :

(A) a – 2, b – 1, c – 4, d – 3 (B) a – 4, b – 2, c – 3, d – 1

(C) a – 4, b – 3, c – 1, d – 2 (D) a – 1, b – 4, c – 2, d – 3

69. निम्नलिखित रचनाकारों का सही कालानुक्रम है

1. अलका सरावगी
2. ममता कालिया
3. मन्नु भंडारी
4. शशिप्रभा शास्त्री

कूट :

(A) 2, 1, 4, 3 (B) 4, 3, 2, 1 (C) 3, 4, 1, 2 (D) 1, 2, 3, 4

70. 'तोड़ो कारा तोड़ो' उपन्यास किसके जीवन पर आधारित है ?

(A) तुलसीदास (B) महात्मा गाँधी

(C) स्वामी विवेकानंद (D) कवि सूरदास

71. 'किशनगढ़ के अहेरी' किस विधा की रचना है ?

(A) नाटक (B) उपन्यास (C) कविता (D) निबंध



Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

72. निम्नलिखित लेखिकाओं और उनकी पुस्तकों का सुमेलन कीजिए और दिये कूट से सही उत्तर का चुनाव कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. मैत्रेयी पुष्पा | 1. स्त्री मुक्ति संघर्ष और इतिहास |
| b. नासिरा शर्मा | 2. सुनो मालिक सुनो |
| c. रमणिका गुप्त | 3. स्त्रीत्व का मानचित्र |
| d. अनामिका | 4. औरत के लिए औरत |

**कूट :**

(A) a – 2, b – 4, c – 1, d – 3
(B) a – 4, b – 3, c – 2, d – 1
(C) a – 1, b – 2, c – 3, d – 4
(D) a – 3, b – 1, c – 4, d – 2

73. विदेशी पृष्ठभूमि पर आधारित हिन्दी का पहला उपन्यास माना जाता है

(A) सफर के साथी
(B) वे दिन
(C) रुकोगी नहीं राधिका
(D) आओ पेपे धर चले

74. 'सुखदेई' किस उपन्यास की पात्र है ?

(A) देवरानी – जेठानी की कहानी
(B) रागदरबारी
(C) गोदान
(D) तमस

75. 'शेखर : एक जीवनी' उपन्यास के प्रथम भाग को चार खण्डों (शीर्षकों) में बाँटा गया है । निम्नलिखित में से गलत शीर्षक कौन-सा है ?

(A) उषा और ईश्वर
(B) बीज और अंकुर
(C) प्रकृति और पुरुष
(D) पुरुष और स्त्री

76. हिन्दी में नॉवेल के अर्थ में उपन्यास पद का प्रथम प्रयोग किसने किया था ?

(A) राधाकृष्ण दास
(B) भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) राधाचरण गोस्वामी

77. ''स्त्री, पुरुष से उतनी ही श्रेष्ठ है, जितना प्रकाश, अँधेरे से ।'' किस पात्र का यह कथन है ?

(A) मेहता
(B) गोबर
(C) धनिया
(D) रायसाहब

Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

Prepp
Your Personal Exams Guide

78. निम्नलिखित कहानीकारों का जन्म की दृष्टि से सही कालानुक्रम चुनिए ।

1. मंजुल भगत
2. मैत्रेयी पुष्पा
3. कृष्णा सोबती
4. उषा प्रियंवदा

कूट :

(A) 1, 3, 2, 4
(B) 3, 4, 1, 2
(C) 2, 1, 3, 4
(D) 4, 2, 3, 1

79. निम्नलिखित कहानी संग्रहों में से सूर्यबाला का कहानी संग्रह है

(A) उसका यौवन
(B) गलत पुरुष
(C) लाक्षागृह
(D) थाली भर चाँद

80. किस पत्रिका के माध्यम से 'सक्रिय कहानी' आंदोलन का सूत्रपात हुआ ?

(A) हंस
(B) आधार
(C) मंच
(D) सरस्वती

81. निम्नलिखित कहानी-संग्रहों को उनके कहानीकारों के साथ सुमेलित कीजिए और कूट से सही उत्तर का चुनाव कीजिए ।

| | |
|---|---|
| a. परिन्दे | 1. फणीश्वरनाथ रेणु |
| b. अग्निखोर | 2. अमरकांत |
| c. जिंदगी और जोंक | 3. रवीन्द्र कालिया |
| d. गरीबी हटाओ | 4. निर्मल वर्मा |

कूट :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) a – 3, | b – 2, | c – 1, | d – 4 |
| (B) a – 2, | b – 3, | c – 1, | d – 4 |
| (C) a – 4, | b – 2, | c – 3, | d – 1 |
| (D) a – 4, | b – 1, | c – 2, | d – 3 |

82. 'सचेतन कहानी' आंदोलन के पुरोधा माने जाते हैं

(A) महीप सिंह
(B) मोहन राकेश
(C) अमृतराय
(D) राकेश वत्स

Prepp+ Subscription
Only (₹999) ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

**83.** इनमें से कौन-सी कृति नाटक विधा की रचना नहीं है ?

(A) कबिरा खड़ा बाज़ार में
(B) कहै कबीर सुनोभाई साधो
(C) इकतारे की आँख
(D) कहत कबीर

**84.** इनमें से गीतिनाट्य है

(A) आगरा बाज़ार
(B) बकरी
(C) अंधायुग
(D) महाभोज

**85.** नाटक और इनके पात्रों का इनमें से सही युग्म नहीं है ?

(A) स्कंदगुप्त – विजया
(B) चन्द्रगुप्त – अलका
(C) आषाढ़ का एक दिन – मल्लिका
(D) अंधायुग – भीष्म पितामह

**86.** "भाषा ठीक करने से पहले मैं मनुष्यों को ठीक करना चाहता हूँ, समझे ।" – प्रस्तुत कथन किस नाटक से है ?

(A) विशाख
(B) राज्यश्री
(C) चंद्रगुप्त
(D) स्कंदगुप्त

**87.** 'एक और द्रोणाचार्य' किसका नाटक है ?

(A) मोहन राकेश
(B) लक्ष्मीनारायण लाल
(C) शंकरशेष
(D) सुरेन्द्र वर्मा

**88.** भवाई किस प्रदेश के लोक-नाट्य-परंपरा का रूप है ?

(A) बंगाल
(B) बिहार
(C) महाराष्ट्र
(D) गुजरात

**89.** हजारीप्रसाद द्विवेदी के निबंध संग्रहों का प्रकाशन की दृष्टि से कालानुक्रम है ।

1. कल्पलता
2. अशोक के फूल
3. आलोक पर्व
4. कुटज

**कूट :**

(A) 1, 3, 2, 4
(B) 2, 1, 4, 3
(C) 3, 4, 1, 2
(D) 4, 2, 3, 1

**90.** निम्न में से अध्यापक पूर्णसिंह का निबंध है

(A) मजदूरी और प्रेम
(B) संस्कृति और सौंदर्य
(C) युवावस्था
(D) शिवमूर्ति

**91.** कुबेरनाथ राय का कौन-सा निबंध ज्योतिषशास्त्र से सम्बद्ध है ?

(A) रस आखेटक
(B) यक्ष प्रश्न
(C) उत्तराफाल्गुनी के आस-पास
(D) विकल चैत्र रथी

Prepp⁺ Subscription
Only ~~(₹999)~~ ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

Prepp
Your Personal Exams Guide

92. 'अरे यायावर रहेगा याद' की शुरुआत किस नदी के मैदानी भाग के वर्णन से होती है ?
(A) गंगा (B) नर्मदा (C) ब्रह्मपुत्र (D) कावेरी

93. आसाम से लेकर पश्चिम सीमा प्रांत तक की यात्राओं का वर्णन किस रचना का वर्ण्य-विषय रहा है ?
(A) अरे यायावर रहेगा याद
(B) ठेले पर हिमालय
(C) आखिरी चट्टान तक
(D) मेरी तिब्बत यात्रा

94. 'घुमक्कड़शास्त्र' के लेखक हैं
(A) नागार्जुन
(B) भदन्त आनंद कौशल्यायन
(C) राहुल सांकृत्यायन
(D) ब्रह्मानंद

95. 'माटी की मूरतें' का प्रकाशन वर्ष है
(A) सन् 1946 (B) सन् 1943 (C) सन् 1952 (D) सन् 1954

96. प्रेमचन्द की जीवनी लिखने वालों में शामिल नहीं है
(A) मदन गोपाल (B) शिवरानी देवी (C) विष्णु प्रभाकर (D) अमृतराय

97. "हमारे छोटे से छोटे अनुभव में मानवता का सारा इतिहास छिपा रहता है ।" – 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' में यह कथन किसका है ?
(A) स्वामी रामतीर्थ (B) दयानंद सरस्वती (C) स्वामी शिवानंद (D) स्वामी विवेकानंद

98. 'प्राय: प्रत्येक संस्मरण लेखक रेखाचित्र लेखक भी है और प्रत्येक रेखाचित्र लेखक संस्मरण लेखक भी है ।" यह कथन है
(A) महावीरप्रसाद द्विवेदी
(B) बालमुकुन्द गुप्त
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) पद्मसिंह शर्मा

99. 'हुनर मन्दों से पूछे जाते हैं बाबे हुनर पहिले' कथन किस निबंध का है ?
(A) शिवमूर्ति
(B) मजदूरी और प्रेम
(C) संस्कृति और सौंदर्य
(D) कविता क्या है ?

100. "आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिंदी के गौरव थे । समीक्षा क्षेत्र में उनका कोई प्रतिद्वन्द्वी न उनके जीवनकाल में था, न अब कोई उनका समकक्ष आलोचक है ।" यह मत इनमें से किसका है ?
(A) नगेन्द्र
(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) रामविलास शर्मा
(D) नामवर सिंह



Prepp+ Subscription
Only ~~(₹999)~~ ₹249/year
500+ Exams | 1 Year Full Access | 50,000+ Mock tests | 10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER

Prepp
Your Personal Exams Guide

## Space for Rough Work

Prepp
Your Personal Exam Guide

[redacted]

Prepp+ Subscription
Only ~~(₹999)~~ ₹249/year
500+ Exams
1 Year Full Access
50,000+ Mock tests
10,000+ Pyp's
Unlock Your Success Today!
LIMITED TIME OFFER